Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 67 □ रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### केरल चुनाव 2026: बीजेपी ने की बड़ी चुनावी घोषणा, 2 रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त देने का ऐलान

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** केरल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है और भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी कर राज्य की जनता को लुभाने के लिए बड़े वादों की झड़ी लगा दी है। बीजेपी के इस घोषणापत्र में सबसे ज्यादा चर्चा मुफ्त एलपीजी सिलेंडर के वादे की हो रही है, जिसे पार्टी का एक बड़ा चुनावी दांव माना जा रहा है। बीजेपी ने संकल्प लिया है कि सत्ता में आने पर राज्य के गरीब परिवारों को हर साल दो रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। बीजेपी का घोषणापत्र न केवल बुनियादी जरूरतों बल्कि आधुनिक विकास और बुनियादी ढांचे पर भी केंद्रित है। पार्टी ने केरल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए ''एम्स'' की स्थापना और आयुष्मान भारत योजना के जरिए हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा देने की बात कही है। इसके साथ ही, परिवहन व्यवस्था में क्रांति लाने के लिए तिरुवनंतपुरम से कन्नूर तक एक हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क और मेट्रो कनेक्टिविटी के विस्तार का रोडमैप पेश किया गया है। आम जनता की जेब को राहत देने के लिए पार्टी ने वादा किया है कि हर घर को प्रति माह 20 हजार लीटर मुफ्त पानी दिया जाएगा और सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 3 हजार रुपये किया जाएगा।




चूहा- डोनाल्ड ट्रंप कह रहें हैं दो-तीन हफ्ते में ईरान से युद्ध खत्म कर देंगे।

चुहिया- हां जी, अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे..!

# डबल मर्डर: घर में सो रहे बुजुर्ग दंपति की हत्या

### घटना स्थल से मुखौटा बरामद, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



**जांजगीर-चांपा, 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां अज्ञात आरोपियों ने घर में सो रहे बुजुर्ग दंपति की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के खपरी गांव का है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मृतकों की पहचान छतराम साहू और उनकी पत्नी श्याम बाई के रूप में हुई है। दोनों बीती रात अपने घर में सो रहे थे, तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुलमुला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को घटना स्थल पर खून से सने पैरों के निशान मिले हैं, जिससे आरोपियों के भागने की दिशा का अंदाजा लगाया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मौके से होली का मुखौटा भी बरामद हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी पहचान छिपाने के लिए मुखौटा पहनकर आए थे। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे लूट और चोरी की नीयत से की गई हत्या मान रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है और जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है।

### नक्सलवाद पर सीएम साय का कांग्रेस पर हमला

# कहा- संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति उचित नहीं, सुरक्षा बलों की तारीफ करे विपक्ष



**रायपुर, 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सलवाद के मुद्दे पर चल रही सियासत को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा है। सीएम ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है। कांग्रेस को सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए न कि जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम करना चाहिए। सीएम ने डबल इंजन सरकार और सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं की बदौलत नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाया है। पिछले चार दशकों तक नक्सलवाद विकास की राह में बड़ी बाधा बना रहा, लेकिन अब छत्तीसगढ़ और देश इस समस्या से मुक्त हो चुका है। बता दें कि सीएम साय आज रायगढ़ के लिए रवाना हुए, जहां वे उत्कल समाज की ओर से आयोजित वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान वे समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा भी करेंगे।

# युवक को जिंदा दफना कर मार डाला गया! जमीन से बाहर निकल आए थे हाथ-पैर

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा



**रायपुर, 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भरेंगाभाठा गांव में युवक की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद केस ने नया और चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक युवक की मौत मिट्टी में दबने से दम घुटने के कारण हुई। यानी उसे जिंदा ही जमीन में गाड़ दिया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने पहले युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया और फिर उसी हालत में उसे मिट्टी में दफना दिया गया।

यह मामला तब सामने आया जब 21 मार्च को ग्रामीणों ने सुनसान इलाके में जमीन से बाहर दिख रहे हाथ-पैर को देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद खुदाई कर शव को बाहर निकाला गया। युवक की पहचान हाथ में बने टैटू के आधार पर नितेश बत्रा के रूप में हुई, जो शदाणी दरबार से जुड़ा बताया जा रहा है। शव की स्थिति देखकर पहले ही हत्या की आशंका जताई जा रही थी, जिसे अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुष्टि कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच तेज कर चुकी है और प्रेम प्रसंग, लेन-देन सहित अन्य एंगल पर जांच कर रही है। साथ ही स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस हत्याकांड में किसी बड़े सामाजिक संगठन की भूमिका की आशंका भी जताई जा रही है।

## सांसद फूलोदेवी नेताम ने संसद में की छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं को बढ़ाने की मांग



**नई दिल्ली, 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने संसद में शून्यकाल के दौरान छत्तीसगढ में आवश्यक रेल सुविधाऐं बढ़ाने की मांग की. इस दौरान उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को पूर्ण करने की बात कही। सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों को सुदृढ़ रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडोरी-मंडला-घंसौर-लखनादौन-गोटेगांव (श्रीधाम) नई रेल लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। यह रेल मार्ग अमरकंटक-नर्मदा क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को गति देगा तथा इटारसी जंक्शन के माध्यम से दिल्ली एवं मुंबई जैसे महानगरों से बेहतर रेल संपर्क सुनिश्चित करेगा. सांसद ने यह भी कहा कि बिलासपुर को सीटीसीई प्लान-2030 में शामिल करने और रायपुर-सिकंदराबाद (12771/72) एवं नागपुर-मुंबई दुरंतो (12290) का विस्तार बिलासपुर तक करने की मांग भी लम्बे समय से की जा रही है. उन्होंने कहा कि कोरबा-बीकानेर एक्सप्रेस का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जाए. कोरबा स्टेशन की तैयार पिटलाइन को तत्काल चालू करने और कोरबा-नई दिल्ली के मध्य नई सीधी ट्रेन की भी आवश्यकता है. इन लम्बित कार्यों को पूरा किया जाए तो क्षेत्र का पूरा विकास हो सकेगा।

## आज से खत्म हुआ यूपीआई पिन का झंझट अब अंगूठा लगाते ही चुटकियों में होगा पेमेंट

**नई दिल्ली, 1 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** देश में डिजिटल पेमेंट का सबसे बड़ा माध्यम बन चुके यूपीआई में आज से बड़ा बदलाव लागू हो गया है। नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ ही पेमेंट का तरीका अपडेट कर दिया गया है। अब तक यूपीआई से पैसे भेजने के लिए पिन डालना जरूरी होता था, लेकिन अब इसकी जगह बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन ने ले ली है। यानी अब यूजर्स अपने फिंगरप्रिंट के जरिए ही पेमेंट कर सकेंगे। यह बदलाव पेटीएम, फोनपे, गूगल पे और अन्य सभी यूपीआई आधारित एप्स पर लागू होगा।



भारत में हर दिन करीब 80 करोड़ यूपीआई ट्रांजेक्शन होते हैं। सरकार का लक्ष्य इसे 100 करोड़ तक पहुंचाने का है। ऐसे में सिस्टम को और सुरक्षित बनाना जरूरी हो गया था। पिन आधारित सिस्टम में कई बार फ्रॉड के मामले सामने आए हैं। फोन खो जाने या पिन लीक होने पर धोखाधड़ी का खतरा बढ़ जाता है। इसके मुकाबले फिंगरप्रिंट, फेस और आईरिस जैसे बायोमेट्रिक सिस्टम ज्यादा सुरक्षित माने जाते हैं। यही वजह है कि अब यूपीआई में भी इस तकनीक को शामिल किया गया है। इस नए फीचर का इस्तेमाल करने के लिए यूजर्स को अपने यूपीआई एप में जाकर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन ऑन करना होगा। जब आप क्यूआर कोड स्कैन करेंगे और पेमेंट अमाउंट डालेंगे, तो स्क्रीन पर फिंगरप्रिंट देने का ऑप्शन आएगा। जैसे ही आप अपना फिंगरप्रिंट स्कैन करेंगे, पेमेंट तुरंत पूरा हो जाएगा।

## जग्गी हत्याकांड मामला अमित जोगी ने मांगा समय, अब कल होगी अंतिम सुनवाई

**बिलासपुर, 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड मामले में आज हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमित जोगी की ओर से अतिरिक्त समय मांगा गया, लेकिन कोर्ट ने इस मांग को सख्ती से खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच (डीबी) में चल रही इस सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया गया कि अब मामले में और देरी नहीं की जाएगी। कोर्ट ने अगली तारीख तय करते हुए कहा कि कल इस केस में अंतिम सुनवाई की जाएगी। गौरतलब है कि साल 2003 में एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में 2007 में निचली अदालत ने 28 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जबकि अमित जोगी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था। अब यह मामला हाईकोर्ट में लंबित है, जहां अंतिम बहस के बाद जल्द ही फैसला आने की संभावना जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड में अंतिम सुनवाई से पहले बड़ी कानूनी हलचल देखने को मिली है। मामले के मुख्य आरोपी रहे अमित जोगी ने रायपुर की लोवर कोर्ट से जमानत हासिल कर ली है। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी है।

# शराब के विवाद में दोस्त की हत्या, पत्नी के साथ मिलकर घर में दफनाया शव, आत्मा के डर से थाने पहुंचकर किया सरेंडर



**सरगुजा, 1 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां शराब पीने को लेकर मामूली विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त की लाठी-डंडे से वार कर हत्या कर दी, फिर शव को आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर घर के अंदर दफना दिया। पूरा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी मिथलेश कुजूर ने घटना के 9 दिन बाद खुद थाने पहुंचकर हत्या की जानकारी दी और अपना जुर्म कबूल किया। बताया जा रहा है कि आरोपी आत्मा के आने के डर से मानसिक रूप से परेशान था, जिसके चलते उसने पुलिस के सामने सच्चाई उजागर कर दी।

पुलिस के अनुसार, 25 मार्च की दरमियानी रात मृतक बृजलाल अपने दोस्त मिथलेश के यहां गया था, जहां उसने शराब पीने का ऑफर किया। बृजलाल ने नवरात्रि चलने के कारण शराब पीने से मना कर दिया। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसमें आरोपी का मोबाइल टूट गया। फिर गुस्से में आकर मिथलेश ने बृजलाल पर लाठी-डंडे से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर शव को घर के अंदर ही जमीन में दफना दिया था, ताकि किसी को घटना की भनक न लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम और तहसीलदार की मौजूदगी में जमीन खोदकर शव को बाहर निकाला गया और आगे की जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी मिथलेश कुजूर को हिरासत में लिया है और मामले में उसकी पत्नी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

बारहवाँ एवं पगड़ी रस्म



जन्म 29.04.1972

अवसान 22.03.2026

हृदय में गहन दुःख लिए सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य प्रिय

श्री पंकज महावर

(सुपुत्र : स्व. श्री प्रेमलाल जी महावर)

का स्वर्गवास दिनांक 22 मार्च 2026, रविवार को हो गया है।

उनका बारहवाँ, गरूड़ पुराण समाप्ति एवं पगड़ी रस्म का कार्यक्रम दिनांक 02 अप्रैल 2026, गुरूवार को संपन्न होगा।

पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि

दिनांक : 02-04-2026, गुरूवार

समय : संध्या 4.00 बजे

स्थान : नया जैन स्थानक भवन औद्योगिक वार्ड, धमतरी (छ. ग.)

शोकाकुल

डॉ. लक्ष्मीनारायण , निर्मल
मनीष, गिरिराज, प्रणय
प्रयंक एवं समस्त महावर
परिवार, धमतरी

नलिनी - छगन
प्रीति - किशोर
प्राची - सुमित
पाखी - सिद्धार्थ

श्रीमती विजयलक्ष्मी महावर (माँ)
श्रीमती निधि महावर (पत्नी)
अनन्या, अनंत (पुत्री, पुत्र)

अरूलिता, पार्थ, अनिरूद्ध, वरूण